संक्षिप्त

श्रीमद् भागवत कथा पांचवें दिन जारी

नागौर। संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा व नानी बाई का मायरा पांचवें दिवस पर भी जारी रहा। प्रीतम दास जी महाराज का रामद्वारा मेड़ता रोड के रामस्नेही संत गोवर्धन दास महाराज के मुखारविंद से इस कथा श्रवण का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। भव्य स्मारक व देव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के आठवें पाटोसव पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है।अपने मुखारविंद से महाराज श्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में खाना नहीं भोजन प्रसाद होता है। कोई भी पदार्थ भगवान के चढ़ने पर प्रसाद बन जाता है। यदि आप किसी कार्यक्रम में भोजन प्रसाद करने जाएं तो कभी यह नहीं बोले कि खाना खाने गए हैं। खाना शब्द का मतलब नॉनवेज खाना होता है। उसकी जगह भोजन प्रसाद या प्रीतिभोज आदि शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। घर में भी भोजन करने से पहले गौमाता व भगवान को भोग लगाकर ही उसको ग्रहण करना चाहिए।

मंडी टैक्स लगाने का विरोध

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। प्रदेश दाल मिल महासंघ समिति के आ ान पर आयातित माल पर मंडी टैक्स लगाने के विरोध स्वरूप किशनगढ़ कृषि उपज मंडी में 4 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया। इस संबंध में तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बाहर से आने वाले माल पर 1.6 प्रतिशत मंडी टैक्स व. 50 कृषक कल्याण फीस हटाने की मांग की है। दाल मिल महासंघ प्रदेशाध्यक्ष विमल बड़जात्या ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा टैक्स लगाने से दाल मिल उद्योग पर संकट के बादल मंडराने लगे है। व्यापारियों ने इसका पुरजोर तरीके से विरोध कर राहत की मांग की है। राहत नहीं मिलने पर प्रदेश दाल मिल महासंघ समिति के बैनर चले 4 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया गया। हड़ताल से मंडी में नीलामी कार्य भी नहीं होगा। शिष्टमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष विमल बड़जात्या, सुभाष मित्तल, नंदू राठी, रवि शर्मा, संजय छापरवाल, कमल गोधा, महेंद्र सिंघवी, महेश माहेश्वरी, घनश्याम साहू सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

समूह नृत्य से बांधा समा

ब्यावर (निसं) श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु चल रहे ''झंकार'' कार्यक्रम के अन्तर्गत आज पांचवें दिन प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा के निर्देशन में एकल गायन, समूह गायन व समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं द्वारा मीरां बाई के भजन, राजस्थानी लोक गीतों सहित विभिन्न प्रकार के गानों की प्रस्तुतियां दी गई ।समूह नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने धूम मचाते हुए जोधा अकबर, महिषासुर वध, चरी नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य एवं भारत की विविधता में एकता का रंग भरते हुए विभिन्न राज्यों की नृत्यशैलियों को शामिल करते हुए भारतीय सांस्कृतिक परम्परा को जीवंत किया ।अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि - एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंका रावत्र द्वितीय स्थान पर अश्विता पारीक्र, तन्वी अठावाल, शिम्पी साहू तथा तृतीय स्थान पर सेजल भट्ट, सुगना रावत रही ।समूह गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रेशमा कुमावत एवं समूह, द्वितीय स्थान पर दो समूह क्रमशः संजना गुप्ता एवं समूह, तन्वी अठावाल एवं समूह तथा तृतीय स्थान पर किरण वैष्णव एवं समूह रही ।समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशी बिहानी एवं समूह. द्वितीय स्थान पर किरण वैष्णव एवं समूह तथा तृतीय स्थान पर ज्योति एवं समूह रही ।आज की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका मोहित पाराशर, अनुसूर्या पंवार, माधुरी शर्मा एवं विधि त्रिपाठी ने निभाई ।

बैठक में दिए निर्देश

नागौर । वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर नागौर में आगामी 12 से 15 दिसम्बर तक विभिन्न आयोजन होंगे। इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी हैं। जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने सोमवार को जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक में इस चार दिवसीय आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए और इन्हें आशातीत सफल बनाने के लिए हर स्तर पर बेहतर तैयारियां पर जोर दिया।। जिला कलक्टर ने जिलाधिकारियों तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की।

समायोजित शिक्षकों ने की पुरानी पेंशन की मांग , कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अजमेर (कासं)। राजस्थान स्वैच्छा ग्रामीण शिक्षा सेवा नियम 2010 के अंतर्गत समायोजित शिक्षकों ने सोमवार को जिला कलेक्टर लोक बंधु को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंप कर प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन की मांग की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर खंडपीठ ने आदेश भी जारी किए हैं। राजस्थान समायोजित शिक्षाकर्मी संघ, राजस्थान के प्रांतीय प्रवक्ता नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर खंडपीठ ने 1 फरवरी 2018 को आदेश पारित किया था कि इन शिक्षकों को 2004 से पहले नियुक्त कर्मचारी मानते हुए पुरानी पेंशन दी जाए।

राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर एसएलपी को भी 13 सितम्बर 2018 को निरस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद शिक्षकों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि वे 2005 से पहले नियुक्त किए गए हैं और उन्हें पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए। राज्य सरकार ने 2005 के बाद नियुक्त सेवाकर्मियों पर भी पुरानी पेंशन लागू कर दी है, लेकिन इन शिक्षकों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मुख्यमंत्री राज्य के लोक कल्याणकारी नीति के अंतर्गत समायोजित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने के आदेश जल्द से जल्द जारी करें। शर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में समायोजित शिक्षाकर्मियों को पूर्ववर्ती अनुदानित शिक्षण संस्थाओं से प्राप्त भविष्य निधि की राशि प्राप्ति तिथि से 6 प्रतिशत ब्याज के साथ जमा करने के आदेश भी दिए हैं। उन्होंने मांग की कि इस निर्णय को जल्द लागू किया जाए ताकि सीनियर सिटीजन शिक्षकों को न्याय मिल सके।

चुनाव को लेकर यूनियनों के पदाधिकारिंं ने अपनी-अपनी रणनीति तय कर दी है

राजस्थान समायोजित शिक्षाकर्मी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर एसएलपी को भी 13 सितम्बर 2018 को निरस्त कर दिया गया था।

फाउण्डेशन ने भेंट किए छह हीटर

नागौर। सेवन डोर फाउण्डेशन की ओर से की जा रही समाजसेवा के क्षेत्र में एक और अध्याय जोड़ा गया है। संस्थान की ओर से सोमवार को सेठ श्री वल्लभ रामदेव पित्ती, पुराना अस्पताल परिसर में स्थित राजकीय मातृ एवं शिशु केन्द्र में नागौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जुगलकिशोर सैनी के सानिध्य में चिकित्सा अधिकारी को छह हीटर भेंट किए गये। राजकीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र के लिए यह हीटर संस्थान के चेयरमैन सुखदेव मनिहार व अध्यक्ष रामधन सुथार ने भेंट किए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जुगल किशोर सैनी ने कहा कि मरीजों के लिए सेवा सबसे बड़ा पुण्य है।

उन्होंने सेवन डोर फाउण्डेशन की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में जरूरतमंदों को भोजन खिलाने, वस्त्र व जूत इत्यादि मुहैया करवाने जैसे किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डॉ. सैनी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र के वार्ड में हीटर लगने से यहां उपचार के लिए भर्ती होने वाली महिलाओं को राहत मिलेगी।

सार-समाचार

10 लाख की आर्थिक मदद की

भीलवाड़ा। स्थानीय सांगानेरी गेट पर निर्माणाधीन दाई हलीमा हॉस्पिटल के तामीरी काम के लिए शास्त्री नगर निवासी मरहूम एफ.एम. शेख के पुत्र मोहम्मद एजाज शेख ने रविवार को अपने परिवार सहित अस्पताल के निर्माण कार्य का जायजा लिया और अपने मरहूम वालिदे मोहतरम फकीर मोहम्मद शेख मरहूम वालिदा सबीहा शेख, मरहूम मनकद हुसैन उर्फ असद और मरहूम मुज्जकिर हुसैन उर्फ गुड्डू के इसाले सवाब (पुण्य प्रताप) के लिए 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की है, शेख परिवार के इस योगदान पर हॉस्पिटल ट्रस्ट की ओर से एजाज शेख , लतीफ शेख को साफा, शाल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि एजाज शेख हिंदुस्तान जिंक आगूचा के असिस्टेंट फोरमैन के पद से कल ही रिटायर्ड हुए हैं और आज उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण से अपने मरहूम माता-पिता के नाम को चिकित्सा की सेवा से जोड़ते हुए दाई हलीमा हॉस्पिटल को 10 लाख रू की इमदाद की है, उनके साथ आए खनिज विभाग उदयपुर के रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर अब्दुल लतीफ शेख ने अस्पताल के निर्माण कार्य की जमकर तारीफ की और भीलवाड़ा में बन रहे इस हॉस्पिटल को पूरे राजस्थान के लिए बेमिसाल बताया , शेख परिवार ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और ट्रस्ट की कार्य योजना पर खुशी भी जाहिर की। इस मौके पर शेख परिवार के प्रमुख सदस्य अशफाक शेख, नीमच से आए नासिर खान, पुत्र मोहम्मद शादाब डबोक एयरपोर्ट पर मैनेजर ऑपरेशन के पद पर कार्यरत पुत्रवधू जैबा शेख के साथ हॉस्पिटल ट्रस्ट के चेयरमैन मोहम्मद रफीक अंसारी, वाइस चेयरमैन अब्बास अली बोहरा, सेक्रेटरी मोहम्मद असलम, जॉइंट सेक्रेटरी अरविंद मसीह, ट्रस्टी एवं सलाहकार शब्बीर अहमद शेख, पत्रकार शहजाद खान, मुकीम खान आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

चुनाव की रणनीति तय की

अजमेर (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ ने 4 व 5 दिसंबर को होने वाले चुनाव को लेकर यूनियनों के पदाधिकारिंं ने अपनी-अपनी रणनीति तय कर दी है। सोमवार को आयोजित पत्रकारों वार्ता में संघ के कारखाना मंडल मंत्री तरुण वर्मा और शशि महावर ने बताया कि करीब 11 साल बाद हो रहे हैं। इस चुनाव में संघ ने रेलवे कर्मियों के हित में कई मुद्दे उठाए हैं। रेलवे कर्मचारी संघ का सबसे बड़ा मुद्दा रेलवे कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति, कारखाना समय, डीए सहित अन्य मुद्दों को लेकर चुनाव में उतर रहे है। संघ के नेताओं का आरोप है कि दोनों मान्यता प्राप्त संगठनों ने कर्मचारी हित में कोई कार्य नहीं किया है। इस मौके पर संजय काकड़ा, निरंजन वर्मा, प्रवीण यादव, चन्दन सिंह, मुकेश सिंह रावत, करण सिंह यादव मौजूद रहे।

पशु परिचर परीक्षा के जिले के 23 केंद्र बनाये

भीलवाड़ा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित पशु परिचर में सीधी भर्ती परीक्षा 3 दिन में 6 पारियों में आयोजित की जा रही है जिसके जिले में 23 सेंटर बनाए गए हैं । परीक्षा के सभी केंद्र शहर में ही स्थित है प्रतिदिन दो पारियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी । सुबह कुल 7176 परीक्षार्थी ओर दिन में 7192 ने परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं दोनों पारियों में जिले के 14368 परीक्षार्थी भाग ले रहे हे। परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के साथ पूरी चेकिंग ओर राज्य सरकार से मिली गाइड लाइन के अनुरूप परीक्षा प्रभारियों द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ नियम की पालना की जा रही हे सभी छात्र छात्राओं को गाइड लाइन के साथ सेंटर में प्रवेश दिया जा रहा है ।

सेंदरिया बाई पास की सडक़ बनी हादसों का सबब

अजमेर (कासं)। सेंदरिया बाई पास पर टाइल्स से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली पटल गई। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ हैजानकारी के अनुसार हाईवे ओथरिटी द्वारा सर्विस रोड़ निर्माण का कार्य चल रहा है। सम्पर्क सडक़ की ओर हाईवे के बीच अधिक चढ़ाई होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सरपंच घनश्याम जांगिड़ ने दस दिन पहले परियोजना अधिकारी गौरव ठाकुर अवगत कराते हुए कहा गया था कि संपर्क सडक़ की ढलान तकनीकी रूप से सही नहीं होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सडक़ के मोड़ पर बिजली का ट्रांसफार्मर लगा होने से बड़े हादसे ही आशंका बनी हुई है। टाटा पावर के अधिकारियों को मौके पर बुलाया तो उन्होंने कहा कि की ट्रासंफार्मर शिफ्टिंग के डिमांड नोट की बात कही। इस पर संबंधित फर्म के अधिकारियों को जानकारी दी गई।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज में जागरूकता रैली का आयोजन

अजमेर, (कासं)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज के तत्वावधान में सोमवार को एड्स जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। रैली में जेएलएन मेडिकल कॉलेज सहित जेएलएन अस्पताल के नर्सिंग कर्मियों के साथ अन्य स्टाफ व कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य जन जागरूकता फैलाना और आमजन को एचआईवी से सतर्क रहने का संदेश देना रहा।जेएलएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जेएलएन अस्पताल के प्रांगण शुरू हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने एड्स से डरे नहीं, बचाव ही उपचार है जैसे नारों के साथ पोस्टर और बैनर भी लेकर चले।

एड्स से डरने की आवश्यकता नहीं, इसका उपचार संभव है - मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अनिल सामरिया ने कहा कि एड्स से डरने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसका उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि खास कर हम जागरूक रहें और बचाव के उपाय अपनाएं। एड्स संक्रमित सुई और असुरक्षित यौन संबंधों से फैलता है, इसलिए समाज में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। डॉक्टर सामरिया ने एड्स के प्रसार और उससे बचाव के तरीकों पर जानकारी देते हुए बताया कि नियमित जांच और सुरक्षित यौन संबंधों का पालन करके इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एड्स संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव करना गलत है और हमें उन्हें सामाजिक सहयोग देना चाहिए।जेएलएन अस्पताल के अन्य चिकित्सकों ने अपने विचार रखे और कहा कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को सही समय पर इलाज और परामर्श उपलब्ध कराना जरूरी है। रैली के माध्यम से समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने और एड्स के प्रति जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आमजन तक जागरूकता का संदेश दिया।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता रैली का आयोजन हुआ।

- 500 से अधिक मेडिकल स्टाफ ने लिया हिस्सा

सेन क्षोरकार वेलफेयर सोसायटी भीलवाड़ा की कार्यकारिणी गठित

भीलवाड़ा। सेन क्षोरकार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष गोविन्द सेन ने सचिव जितेन्द्र सेन, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सेन, संस्थापक लादूलाल सेन एवं संरक्षक कमेटी की सहमति से अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

अध्यक्ष गोविन्द सेन ने बताया कि कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोविन्द सेन, सचिव जितेन्द्र सेन, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सेन, संस्था संस्थापक लादुलाल सेन, संरक्षक भैरूलाल सेन, राजेश सेन, रामप्रसाद सेन, जसराज सेन, सत्यनारायण सेन, सतीश सेन, बंशीलाल सेन, सुरेश सेन, कैलाश सेन, चन्दू सेन, उदयलाल सेन (बेमाली), युवा संरक्षक महेश सेन (सावरिया), महावीर सेन (बच्छखेड़ा), घनश्याम सेन, दिलखुश सेन, सह-सचिव दीपेश सेन, सह-कोषाध्यक्ष दीपक सेन, मण्डल अध्यक्ष संजय सेन (शास्त्रीनगर), प्रदीप सेन (आजाद नगर), बबलु सेन (आर.सी. व्यास), प्रवीण सेन (काशीपुरी), दिनेश सेन (पुलिस लाईन), किशन सेन (मालोला), पवन सेन (सुभाषनगर), ईश्वर सेन पुर (ड्रीम लूक सैलून), महावीर सेन (बापूनगर), वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम मारोठिया, राजेश सेन, रमेश सेन, गोपाल सेन, राजू सेन, किशन सेन, उपाध्यक्ष दिनेश सेन साईवाल, महावीर सेन, कमलेश सेन, संजय सेन, प्रदीप सेन, सांवर सेन, बजरंग सेन, भैरूलाल सेन, संगठन मंत्री कन्हैयालाल सेन, दिनेश सेन, नीतेश सेन, भैरूलाल सेन, राधेश्याम सेन, महेन्द्र सेन, प्रहलाद सेन, कैलाश सेन, जगदीश सेन, सदस्य दिनेश सेन, कैलाश सेन, प्रकाश सेन, पवन सेन, सोनू सेन, राधाकिशन सेन, राजू सेन, कपिल सेन, सुभाष सेन, जयप्रकाश सेन, भारत सेन, नवीन सेन, सुरेश सेन को नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी का मुंह मिठाकर करा बधाई दी गई एवं संगठन के सहित पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिये गये।

- सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी को ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिये गये

100 बेड के ईएसआईसी अस्पताल की घोषणा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। केंद्र सरकार द्वारा बीमित श्रमिकों की बेहतरी के लिए 100 बेड के ईएसआईसी अस्पताल की घोषणा किये जाने के बाद राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में भूमि आवंटन को मंजूरी दिये जाने पर शीघ्र ही अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के सार्थक प्रयास से किशनगढ़ को बड़ी सौगात मिल सकी। इस अस्पताल से मार्बल व पावरलूम सहित अन्य उद्योगो में कार्यरत बीमित श्रमिकों का उपचार हो सकेगा। ऐतिहासिक अस्पताल करीब 20 हजार 300 सौ वर्गमीटर भूमि पर बनेगा, जिससे क्षेत्र के 20 हजार से अधिक बीमित श्रमिकों और कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। पिछले कार्यकाल के दौरान सांसद भागीरथ चौधरी द्वारा किये गये प्रयासों के परिणाम स्वरुप केंद्र सरकार ने अस्पताल की घोषणा की, लेकिन भूमि आवंटन में आ रही अड़चनों के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भागीरथ चौधरी के दृढ़ संकल्प और अनुशंसा पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कैबिनेट बैठक में भूमि आवंटन को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा की किशनगढ़ व अजमेर क्षेत्र के नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा होते देख में गर्वित हूं।

16 सहायक अभियंता व 15 अधिशासी अभियंता हुए पदोन्नत

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा अभियंता विंग के 31 अधिकारियों की डीपीसी डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी कर उन्हें पदोन्नति का तोहफा दिया गया है। इस पदोन्नति के अंतर्गत 16 कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर तथा 15 सहायक अभियंताओं को अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया है। निगम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा ने बताया कि डीपीसी एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके तहत ये आदेश जारी किए गए हैं और पदोन्नत अभियंताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि अजमेर डिस्कॉम की अभियंता विंग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कठिन मेहनत और समर्पण से अजमेर डिस्कॉम को देश के शीर्ष डिस्कॉमों में स्थान दिलाया है। इस अवसर पर 31 कर्मचारियों को पदोन्नति प्राप्त हुई है।डीपीसी की विस्तृत जानकारी देते हुए सचिव प्रशासन, सीमा शर्मा ने बताया कि डीपीसी की अनुशंसा के आधार पर 16 कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर और 15 सहायक अभियंताओं को अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई है।इस अवसर पर प्रबंध निदेशक केपी वर्मा ने पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि यह पदोन्नति न केवल आपके लिए, बल्कि आपके परिवार के लिए भी एक गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, आपकी मेहनत और समर्पण की वजह से ही अजमेर डिस्कॉम आज देश के शीर्ष डिस्कॉमों में शामिल है। हमें पूरा विश्वास है कि आप अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। पदोन्नत सभी अधिकारियों व कर्मचारी संगठनों ने प्रबंध निदेशक केपी वर्मा और समस्त प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

- अजमेर डिस्कॉम की अभियंता विंग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कठिन मेहनत और समर्पण से अजमेर डिस्कॉम को देश के शीर्ष डिस्कॉमों में स्थान दिलाया है

जागरूकता शिविर गुरूवार को

गंगापुर सिटी । दक्ष प्रजापति विकास समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में गुरुवार को सैनी मैरिज गार्डन, ईदगाह मोड मे श्रीयादे माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार की टीम द्वारा मिट्टी के बर्तनों के कारीगरों के लिए एक जागरूकता शिविर दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा।

खोया पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि है कि मेरे द्वारा जो आबादी मौहल्ला सेसमल बोहरा कॉलोनी, नेहरू नगर ब्यावर का प्लाट नम्बर 22 पर बना मकान म्यू नं. 21 गली नम्बर 06 में पूर्वी भाग का हक परित्याग पत्र दिनांक 09.10.2015 मेरे द्वारा कहीं पर गिर गया है तथा काफी ढूंढने से भी नहीं मिल पाया है, जिस किसी को मिले कृपया सूचित करे। इस हक परित्याग पत्र दिनांक 09.10.2015 को मैंने कहीं भी उपयोग में नहीं लिया है।

-प्रतिभा गांधी पुत्री हीरालाल गाँधी पत्नि रतनचन्द जैन निवासी 36, ब्रह्मपुरी कॉलोनी, आबू रोड, सिरोही (राज.)
आधार कार्ड नम्बर- 530542664675
मोबाइल नम्बर-91-66749687

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/4358 **आम सूचना** दिनांक : 2.12.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
123	लोकेश कुमार माली पुत्र रमेशचन्द माली	रघुनाथ कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 380 से 384 व 386 से 391 भू.सं. 137	111.48 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांकः 1264 दिनांकः 2-12-2024

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3-ग-26, आनासागर सरक्युलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 162.00 व.भी मूल आवंटी श्री उगमसिंह पुत्र स्व. श्री भंवर सिंह को आवंटित कर दिनांक 30.04.1986 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री उगमसिंह पुत्र स्व. श्री भंवर सिंह ने आवास का बैचान श्री मोहन लाल शर्मा पुत्र श्री गुलाब चंद शर्मा को कर दिया गया। नियमितिकरण करने के पश्चात् श्री मोहन लाल शर्मा पुत्र श्री गुलाब चंद शर्मा द्वारा दिनांक 28.12.1994 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्री मोहन लाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 17.07.1998 को हो जाने के कारण मण्डल द्वारा दिनांक 14.12.2020 को श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा, श्री कैलाश चन्द्र शर्मा, श्री सुरेश चन्द्र शर्मा, श्री रमेश चन्द्र शर्मा एवं श्रीमती हेमलता शर्मा के पक्ष में मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा, श्री कैलाश चन्द्र शर्मा, श्री सुरेश चन्द्र शर्मा, श्री रमेश चन्द्र शर्मा एवं श्रीमती हेमलता शर्मा द्वारा आवास का बैचान श्री नरेन्द्र आसुदानी पुत्र स्व0 श्री पूरन आसुदानी व श्री नितेश आसुदानी पुत्र श्री सुरेन्द्र आसुदानी को किया गया जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2088 में पृष्ठ संख्या 191 क्रम संख्या 202103001103741 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5347 के पृष्ठ संख्या 509 से 521 पर दिनांक 06.08.2021 को चस्पा किया गया है। अब श्री नरेन्द्र आसुदानी व श्री नितेश आसुदानी ने उक्त आवास से संबंधित उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री नरेन्द्र आसुदानी व श्री नितेश आसुदानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांकः 1266 दिनांकः 2-12-2024

जाहिर आम सूचना

आवास संख्या 2-ख-24, शास्त्रीनगर, अजमेर क्षेत्रफल 263.00 व गज. मूल आवंटी श्री हरी मोहन भार्गव पुत्र श्री चन्द्रभान भार्गव को आवंटित कर दिनांक 27.02.1975 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। उक्त आवास श्री हरी मोहन भार्गव पुत्र श्री चन्द्रभान भार्गव के नाम पर आवंटित हुआ था। तदन्तर उक्त आवास श्री प्रभुदयाल पुत्र श्री नाथूमल के नाम हस्तान्तरित होने के पश्चात् उनके नाम से मण्डल द्वारा पंजीयन किया गया। श्री प्रभुदयाल पुत्र श्री नाथूमल द्वारा दिनांक 07.09.1990 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात् श्री प्रभुदयाल शिहानी पुत्र स्व. श्री नाथूमल शिहानी द्वारा उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) श्री ईश्वर शिहानी, श्री महेश कुमार व श्री राजेश शिहानी पुत्रगण स्व. श्री नाथूमल शिहानी (नत्थूमल) को दिनांक 29.08.2024 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 926 में पृष्ठ संख्या 144 क्रम संख्या 202403002109597 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3704 के पृष्ठ संख्या 176 से 187 पर दिनांक 29.08.2024 को चस्पा किया गया है। अब श्री ईश्वर शिहानी, श्री महेश कुमार व श्री राजेश शिहानी पुत्रगण स्व. श्री नाथूमल शिहानी (नत्थूमल) ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री ईश्वर शिहानी, श्री महेश कुमार व श्री राजेश शिहानी पुत्रगण स्व0 श्री नाथूमल शिहानी (नत्थूमल) का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांकः 1267 दिनांकः 2-12-2024

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-क-32, अजयनगर, अजमेर क्षेत्रफल 228.00 व.गज मूल आवंटी श्रीमती पार्वती पत्नि श्री जेठानन्द को को आवंटित कर दिनांक 06.02.1978 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती पार्वती पत्नि श्री जेठानन्द द्वारा दिनांक 29.08.1990 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती पार्वती पत्नि श्री जेठानन्द की मृत्यु दिनांक 09. 01.1999 एवं श्री जेठानन्द की मृत्यु 12.06.1992 को हो जाने के कारण उनकी पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार राघानी पुत्र स्व. श्री जेठानन्द राघानी द्वारा हकत्याग पत्र (रजिस्टर्ड) प्रस्तुत कर मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री नरेन्द्र कुमार रा